भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

Azadi Ka Amrit Mahotsav

## प्रेस विज्ञप्ति

**दिनांक 19.03.2025**

**<u>आरेडिका में 6वें महाप्रबंधक क्रिकेट कप 2025 का समापन</u>**

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में दिनांक 03.03.2025 से 18.03.2025 तक 6वें इण्टर सेक्शन महाप्रबंधक क्रिकेट कप 2025 का आयोजन गोमती इण्डोर स्टेडियम में किया गया। इस टूर्नामेंट में आरेडिका के विभिन्न विभागों से 17 टीमों ने प्रतिभाग किया। 10मार्च को हुए सेमी फाइनल में फर्निशिंग प्रथम ने शेल एसेम्बली को और एडमिन ब्लॉक ने इलैक्ट्रिकल पीएस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच का फाइनल मुकाबला फर्निशिंग प्रथम और एडमिन ब्लॉक की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें फर्निशिंग प्रथम ने पहली पारी में खेलते हुए 2 विकेट के नुकसान पर 115 रन का लक्ष्य दिया, वहीं एडमिन ब्लॉक की टीम 4 विकेट के नुकसान पर निर्धारित ओवरों में 91 बनाकर उपविजेता बनी। मैच के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए खेल का लुत्फ उठाया।

मैच के फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रुप में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा एवं रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा उपस्थिति रहीं। महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से रेलवे कर्मियों में खेल भावना का विकास करते हैं तथा कर्मचारियों में खेलों के प्रति रुचि पैदा कर उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वस्थ्य बनाने में मदद करते हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन लगातार होते रहने चाहिए।

महाप्रबंधक महोदय ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। मैन ऑफ सीरीज का पुरस्कार कृष्ण किंकर (फर्निशिंग प्रथम टीम) ने तथा मैन ऑफ द मैच पुरस्कार पवन मीना (एडमिन ब्लॉक टीम) ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष तथा प्रधान वित सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, आरेडिका खेलकूद संघ के सचिव एवं वित सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव, पदम्श्री एवं अर्जुन आवार्डी सुधा सिंह, सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

19.3.2025
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी